प्रतिदर्श प्रश्न पत्र– 2025–26

कोड–135 | गृह विज्ञान | संकेतांक–328

कक्षा–12

समयः तीन घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक–70

**नोट– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।**

**निर्देशः–**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 4 बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 5 से 10 अति लघुउत्तरीय हैं, जिनका उत्तर अधितम 25 शब्दों में, प्रश्न संख्या 11 से 15 लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर अधितम 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 16 से 18 दीर्घ उत्तरीय हैं जिनका उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिए।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

बहुविकल्पीय प्रश्न (1x 20=20)

1–निम्नलिखित प्रश्नों में से सही उत्तर अपने उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

(क) कार्य से किस प्रकार की पहचान विकसित होती है? 1

(a) सार्वजनिक (b) व्यक्तिगत

(c) व्यावसायिक (d) आत्मबोध।

(ख) भारत में चित्रण कला का विकास किस संदर्भ में हुआ 1

(a)सामाजिक (b) आर्थिक

(c) धार्मिक (d) सांस्कृतिक

(ग) लौह तत्व की कमी से शरीर में किसका बनना कम होने लगता है– 1

(a)प्रोटीन (b) आयोडिन

(c) हीमोग्लोबिन (d)इन्सूलिन

(घ) निम्न में से कौन आजीविका का साधन है– 1

(a)लोगों की क्षमता (b) संपत्ति

(c) आय (d )उक्त सभी

(ड) आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से कमजोर परिवारों के बच्चों में किसकी अधिकता पाई जाती है– 1

(a)वृद्धि मंदन (b)बौद्धिक अक्षमता

(c)सामाजिक संरचना (d)इनमें से कोई नहीं।

2– (क) नैदानिक पोषण विशेषज्ञ अपनी सेवा प्रदान कर सकते हैः– 1

(a)चिकित्सालयों में (b)शिक्षण सस्थानों में

(c) औद्योगिक क्षेत्र में (d) ये सभी।

(ख) विश्व व्यापार संगठन की स्थापना किस वर्ष हुई? 1

(a)वर्ष 1995 (b) वर्ष 1953

(c) वर्ष 1954 (d) वर्ष 1955

(ग) राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना किस उम्र के व्यक्तियों के लिए है? 1

(a) 60 वर्ष या इससे अधिक (b) 65 वर्ष या इससे अधिक

(c) 75 वर्ष या इससे अधिक (d) ये सभी।

(घ) कस्तूरबा गॉधी विद्यालय की स्थापना किस वर्ष की गई थी? 1

(a) 2002 में (b) 2004 में

(c) 2006 में (d) 2008 में।

(ङ) भारत में खाद्य संसाधन हमेशा किस स्तर की गतिविधि के रूप में कार्यरत रहा– 1

(a) प्रौद्योगिकी स्तर (b) घरेलू या कुटीर स्तर

(c) संरक्षण (d) इनमें से कोई नहीं।

3–(क) निम्न में से किस सामग्री में बुनावट का निर्धारण करने वाला कारक है– 1

(a) वस्त्र निर्माण तकनीक (b) धागे का प्रकार

(c) रेशा (d) ये सभी।

(ख) संचार का मुद्रण माध्यम है– 1

(a) रेडियो (b) टेलीविजन

(c) समाचार पत्र (d ) कम्प्यूटर

(ग) एक संगठन के आर्थिक प्रबन्धन में सम्मिलित विभाग कौन–सा है– 1

(a)प्रमुख कार्यालय (b) गृहव्यवस्था विभाग

(c)सहायता सेवा विभाग (d)ये सभी

(घ) निगमित सम्प्रेषण आधारित होता है। 1

(a) पुस्तक पर (b) वाद–विवाद पर

(c) जानकारी पर (d) इनमें से कोई नहीं।

(ड़) रेस्तरां किस प्रकार की सुविधा है– 1

(a)संस्थागत सुविधा (b) व्यापारिक सुविधा

(c)आन्तरिक सुविधा (d) सार्वजनिक सुविधा

4–(क) फैशन उद्योग को समझने के लिए क्या समझना आवश्यक है? 1

(a) फैशन (b) अस्थायी फैशन

(c) शैली (d) ये सभी।

(ख) भारतीय मानक संस्थान की स्थापना कब की गयी? 1

(a) 1947 (b)1948

(c)1943 (d)1950

(ग) दैनिक समाचार पत्र रेडियों एवं टेलीविजन किसका माध्यम है? 1

(a)विकास पत्रकारिता (b) विकास अभियान

(c) विकास संचार (d) विकास प्रौद्योगिकी

(घ) भारतीय रेशम मानक संगठन कहॉ स्थित है– 1

(a) तमिलनाडु (b) उड़ीसा

(c)केरल (d) बंगलुरू

(ङ) कर्मचारियों के साथ सम्प्रेषण करने से रोजगार तुष्टि पर कैसा प्रभाव पड़ता है– 1

(a)सकारात्मक (b) नकारात्मक

(c) a एवं b दोनों (d)कोई प्रभाव नही पड़ता है।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (1x 12=12)

**नोटः– प्रश्न सं0 05 से 10 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर अधिकतम 25 शब्दों मे लिखिए–**

5– (क) सैरगाह ( रिजोर्ट ) क्या है? 1

(ख) उपभोक्ता को बाजार से खरीदे गए किसी उत्पाद के आधार पर क्या जानकारी लेनी चाहिए? 1

6–(क) द्वितीयक रंग क्या है? 1

(ख) इस्तरी करना क्या है? 1

7–(क) बच्चों के लिए कितने प्रकार के घर स्थापित किए गए है? 1

(ख) वृद्धजनों को संवेदनशील क्यों माना जाता है? 1

8–(क) भारत में पोषण संबंधी दो समस्याएँ कौन–सी है? 1

(ख) शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी से क्या प्रभाव पड़ सकता है? 1

9–(क) फैशन के कारण युवाओं की जीवन शैली में क्या परिवर्तन आए हैं? 1

(ख) टॉडलर किन बच्चों को कहा जाता है? 1

10–(क) महिलाओं के हित में सरकार द्वारा किया गया कोई एक प्रयास लिखिए। 1

(ख) जीवन कौशल का क्या महत्व है? 1

## लघु उत्तरीय प्रश्न (5**x** 4=20)

**निर्देशः– प्रश्न सं0 11 से 15 लघुउत्तरीय प्रश्न है जिनके उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में लिखिए–**

11–सुकार्यिकी का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 4

12–नैदानिक पोषण का क्या महत्व है? 4

13 उपभोक्ता द्वारा किन–किन बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है? 4

14–व्यावसायिक धुलाई घरों को संक्षेप में लिखिए। 4

15–युवाओं की आवश्यकताओं का वर्णन कीजिए। 4

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (3**x** 6=18)

**निर्देशः– प्रश्न सं0 16 से 18 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है जिनके उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में लिखिए–**

16– आन्तरिक एवं बाह्य संप्रेषण की तुलना कीजिए। 6

**अथवा**

विकास संचार में सूचना प्रौद्योगिकी प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए। वर्तमान में इसकी उपयोगिता बताइए। 4+2=6

17–आहार विशेषज्ञों में जीविका की तैयारी हेतु क्या–क्या कौशल होने चाहिए? 6

**अथवा**

भारत में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम को समझाते हुए अपने विचार बताइये। 6

18–प्रारम्भिक बाल्यावस्था व्यावसायिक के लिए आवश्यक कौशल व अधिमानो अर्हता को समझाइये। 6

**अथवा**

बच्चों, युवाओं और वृद्धजनों के लिए सहायक सेवाओं का विवेचन कीजिए। 6